# अध्याय - 1 भारत-आकार और स्थिति

## स्मरणीय तथ्य

- भारत एक विशाल देश है। यह उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इसका मुख्य भूभाग 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तरी अक्षांश तथा 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्व देशांतर तक है।
- कर्क रेखा देश को लगभग दो बराबर भागों में विभक्त करती है। मुख्य भूभाग के दक्षिण-पूर्व में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी में तथा लक्षद्वीप समूह अरब सागर में स्थित है।
- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम ऐसे राज्य हैं जिनमें से कर्क रेखा गुजरती है।
- भारतीय संघ राज्य का सबसे दक्षिणी बिन्दु जिसे इंदिरा बिन्दु कहा जाता था, सन् 2004 में सुनामी लहरों के कारण समुद्र में जलमग्न हो गया।
- भारत के भूभाग का कुल क्षेत्रफल लगभग 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर है।
- भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है। यह विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है।
- भारत की स्थल सीमा रेखा लगभग 15,200 कि.मी. और समुद्री तट रेखा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप समूह को मिला कर 7516.6 कि.मी. है।
- भारत उत्तर-पश्चिम, उत्तर एवं उत्तर-पूर्वी सीमा पर नवीनतम वलित पर्वतों से घिरा हुआ है। यह दक्षिण में 22° उत्तरी अक्षांश से हिन्द महासागर की ओर संकरा होता चला गया है जहाँ इसे दो सागरों में विभाजित कर देता है। पश्चिम में अरब सागर तथा पूर्व में बंगाल की खाड़ी।
- भारतीय भूखंड पूर्व और पश्चिम एशिया महाद्वीप के मध्य में स्थित है। भारत एशिया महाद्वीप का दक्षिणी विस्तार है।
- पश्चिम स्थित यूरोपीय देशों को पूर्व एशिया के साथ जोड़ने वाला हिन्द महासागर पार समुद्री मार्ग भारत को सामरिक रूप से केन्द्रीय स्थिति प्रदान करता है।
- भारत में 28 राज्य एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेश है।
- भारत की स्थल सीमाएं उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ तथा उत्तर में चीन (तिब्बत), नेपाल, भूटान एवं पूर्व में म्यांमार और बांग्लादेश के साथ लगती है।
- सागर पार हमारे दक्षिणी पड़ोसी द्वीप समूह देश श्रीलंका और मालदीव हैं।
- भारत और श्रीलंका के बीच छोटा समुद्री रास्ता पाक जलडमरू तथा मन्नार की खाड़ी है।
- मालदीव लक्षद्वीप के दक्षिण में स्थित हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. भारत कौन से गोलार्द्ध में स्थित है ?**

a. उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध    b. दक्षिणी गोलार्द्ध
c. पश्चिमी गोलार्द्ध    d. उपरोक्त सभी।

**2. भारत का अक्षांशीय विस्तार कितना है ?**

a. 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तक।
b. 8°4' दक्षिणी अक्षांश से 37°6' दक्षिणी अक्षांश तक।
c. a और b दोनों।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**3. भारत का देशांतरीय विस्तार कितना है?**

a. 8°4' पश्चिम से 37°6' पश्चिम तक।
b. 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्वी देशांतर तक।
c. a और b दोनों।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**4. कर्क रेखा कितने डिग्री अक्षांश से गुजरती है ?**

a. 23½° दक्षिणी अक्षांश (23°, 30' दक्षिणी अक्षांश)।
b. 23½° उत्तरी अक्षांश (23°, 30' उत्तरी अक्षांश) ।
c. 82½° पूर्वी देशांतर।
d. 67½° उत्तरी अक्षांश।

**5. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से गुजरती है ?**

a. छ : राज्यों से।    b. पाँच राज्यों से।
c. दस राज्यों से।    d. आठ राज्यों से।

**6. भारत के मुख्य भू-भाग के दक्षिण-पूर्व में कौन सा द्वीप समूह स्थित है ?**

a. लक्षद्वीप समूह।
b. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह।
c. श्रीलंका।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**7. भारत के दक्षिण पश्चिम में कौन सा द्वीप है ?**

a. लक्षद्वीप समूह।
b. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह।
c. श्रीलंका ।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**8. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ............. स्थित है।**

a. अरब सागर में    b. बंगाल की खाड़ी में
c. तस्मान सागर    d. इनमें से कोई नहीं।।

**9. लक्षद्वीप समूह ............... स्थित है।**

a. अरब सागर में    b. बंगाल की खाड़ी में
c. तस्मान सागर    d. इनमें से कोई नहीं।।

**10. भारत का दक्षिणी बिंदु कहाँ स्थित है ?**

a. इन्दिरा प्वाइन्ट b. बंगाल की खाड़ी

c. तस्मान सागर d. इनमें से कोई नहीं।।

**11. भारत का उत्तरी बिंदु ......... है ।**

a. इन्दिरा प्वाइन्ट b. इंदिरा कॉल

c. द्वारिका d. इनमें से कोई नहीं।।

**12. भारत के भू-भाग का कुल क्षेत्रफल कितना है ?**

a. 36.8 लाख वर्ग किमी.

b. 32.8 लाख वर्ग किमी.

c. 34.8 लाख वर्ग किमी.

d. 33.8 लाख वर्ग किमी.

**13. भारत का क्षेत्रफल, विश्व के क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है ?**

a. 2.3 प्रतिशत b. 2.5 प्रतिशत

c. 2.4 प्रतिशत d. 2.9 प्रतिशत

**14. भारत विश्व का ......... बड़ा देश है ।**

a. सातवां b. आठवां

c. पांचवां d. नवां

**15. भारत की स्थलीय सीमा रेखा कितनी है ?**

a. 13,400 k.m. b. 15,200 k.m.

c. 11,200 k.m. d. 13,400 k.m.

**16. भारत की समुद्री तट रेखा कितना है?**

a. 7,516.6 k.m. b. 7,216.6 k.m.

c. 6,200.0 k.m. d. 5,315.4 k.m.

**17. भारत के पूर्व में कौन सा सागर स्थित है ?**

a. अरब सागर b. बंगाल की खाड़ी

c. तस्मान सागर d. इनमें से कोई नहीं।।

**18. भारत के पश्चिम में कौन सा सागर स्थिति है ?**

a. अरब सागर b. बंगाल की खाड़ी

c. तस्मान सागर d. इनमें से कोई नहीं।।

**19. भारत के अक्षांश और देशांतर का लगभग विस्तार कितना है?**

a. 30° b. 35°

c. 25° d. 15°

**20. भारत की मानक याम्योत्तर माना गया है :-**

a. 82°30' पश्चिमी देशांतर

b. 82°30' पूर्वी देशांतर

c. a और b दोनों।

d. इनमें से कोई नहीं।।

**21. भारत का सबसे पूर्वी देशांतर कौन सा है ?**

a. 97°25' पश्चिमी देशांतर b. 97°25' पूर्वी देशांतर

c. a और b दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।।

**22. भारत का सबसे पश्चिमी देशांतर कौन सा है ?**

a. 97°25' पश्चिमी देशांतर

b. 68°7' पूर्वी देशांतर

c. a और b दोनों।

d. इनमें से कोई नहीं।।

**23. कर्क रेखा किस राज्य से नहीं गुजरती है ?**

a. राजस्थान b. उड़ीसा

c. छत्तीसगढ़ d. त्रिपुरा

**24. निम्न में से कौन सा द्वीप भारत और श्रीलंका के मध्य स्थित है ?**

a. एलिफेंटा b. न्यू मुर

c. रामेश्वरम d. लक्षद्वीप

**25. भारत में सर्वाधिक लम्बी समुद्र तटीय सीमा वाला राज्य है -**

a. आंध्र प्रदेश b. गुजरात

c. महाराष्ट्र d. ओडिशा

**26. भारतीय संघ में कुल कितने राज्य हैं ?**

a. 22 b. 25

c. 28 d. 29

**27. भारत की मानक याम्योत्तर कहाँ से गुजरती है ?**

a. मिर्जापुर से b. नैनी से

c. मुंबई से d. दिल्ली से

**28. भारतीय संघ में कुल कितने केन्द्रशासित प्रदेश हैं ?**

a. 8 b. 9

c. 10 d. 7

**29. जमशेदपुर से हजारीबाग जाने के क्रम में कौन से रेखा को पार किया जा सकता हैं ?**

a. कर्क रेखा b. मकर रेखा

c. विषुवत रेखा d. इनमें से कोई नहीं।।

**30. पूर्व से पश्चिम भारत की लम्बाई कितनी है ?**

a. 2,933 किमी. b. 3,214 किमी.

c. 3,315 किमी. d. इनमें से कोई नहीं।।

**31. उत्तर से दक्षिण भारत की लम्बाई कितनी है ?**

a. 2,933 किमी. b. 3,214 किमी.

c. 3,315 किमी. d. इनमें से कोई नहीं।।

**32. भारत को लगभग दो बराबर भागों में कौन सी रेखा काटती है?**

a. कर्क रेखा b. मकर रेखा

c. विषुवत रेखा d. ग्रीनवीच रेखा

**33. 1869 में स्वेज नहर के खुलने से, भारत और यूरोप के बीच की दूरी कितना कम हो गया है ?**

a. 2,000 किमी. b. 3,000 किमी.

c. 5,000 किमी. d. 7,000 किमी.

34. **भारत की 'प्रादेशिक जल सीमा' (Territorial Sea) तट रेखा से कितना समुद्री मील है ?**
a. 24 समुद्री मील b. 15 समुद्री मील
c. 12 समुद्री मील d. 36 समुद्री मील

35. **उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम की सीमाएँ किस देश को छूती है ?**
a. चीन b. भूटान
c. नेपाल d. म्यांमार

36. **9°(डिग्री) चैनल किन्हें अलग करती है ?**
a. उत्तरी अंडमान और दक्षिणी अंडमान को।
b. कार निकोबार और ग्रेट निकोबार को।
c. लक्षद्वीप और मिनीकाय को।
d. लिटिल अंडमान और कार निकोबार को।

37. **भारत की सीमा उत्तर-पश्चिम में किस से मिलती है ?**
a. पाकिस्तान और अफगानिस्तान से
b. चीन और भूटान से
c. बांग्लादेश और नेपाल से
d. उर्पयुक्त सभी से।

38. **भारत की सीमा उत्तर में किस से मिलती है ?**
a. चीन b. नेपाल
c. भूटान d. उर्पयुक्त सभी से।

39. **भारत की सीमा पूर्व में किस से मिलती है ?**
a. म्यांमार b. बांग्लादेश
c. भूटान। d. a और b दोनों से।

40. **भारत के दक्षिण में समुद्र पार करके दो द्वीप समूह राष्ट्र हैं -**
a. म्यांमार और बांग्लादेश
b. श्रीलंका और मालदीव
c. भूटान और म्यांमार
d. इनमें से कोई नहीं।

41. **भारत और श्रीलंका के बीच कौन सा जलसन्धि है ?**
a. पाक जलसन्धि b. कूक जलसन्धि
c. a और b दोनों से। d. इनमें से कोई नहीं।।

42. **आदम ब्रिज के उत्तर में कौनसी खाड़ी है ?**
a. मन्नार की खाड़ी b. पाक की खाड़ी
c. बंगाल की खाड़ी d. अरब सागर

43. **आदम ब्रिज के दक्षिण में कौनसी खाड़ी है ?**
a. मन्नार की खाड़ी b. पाक की खाड़ी
c. बंगाल की खाड़ी d. अरब सागर

44. **10°(डिग्री) चैनल किन्हें अलग करती है ?**
a. उत्तरी अंडमान और दक्षिणी अंडमान को।
b. कार निकोबार और ग्रेट निकोबार को।
c. लक्षद्वीप और मिनीकाय को।
d. लिटिल अंडमान और कार निकोबार को।

45. **क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है ?**
a. मध्य प्रदेश b. उत्तर प्रदेश
c. राजस्थान d. बिहार

46. **मैकमोहन रेखा निम्नलिखित में से किन दो देशों को अलग करती है ?**
a. भारत-म्यांमार b. भारत-पाकिस्तान
c. भारत-अफगानिस्तान d. भारत - चीन

47. **कर्क रेखा गुजरती है ?**
a. मध्य प्रदेश से b. त्रिपुरा से
c. मिजोरम से d. उर्पयुक्त सभी से।

48. **डूरंड रेखा निम्नलिखित में से किन दो देशों को अलग करती है ?**
a. भारत-म्यांमार b. भारत-पाकिस्तान
c. भारत-अफगानिस्तान d. भारत-चीन

49. **रामेश्वरम कौन से द्वीप में अवस्थित है ?**
a. अंडमान b. न्यूमुर द्वीप
c. पम्बन द्वीप d. लक्षद्वीप

50. **ग्लोब पर भारत की अवस्थिति है -**
a. दक्षिण एशिया में। b. पश्चिम एशिया में।
c. पूर्व एशिया में। d. इनमें से कोई नहीं।।

51. **कौन सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को लगभग दो बराबर भागों में विभाजित करता है?**
a. 33° 30′ उत्तर b. 23°30' दक्षिण
c. 0° d. 23° 30' उत्तर

52. **भारत के कितने राज्य समुद्र के किनारे पर हैं?**
a. 8 b. 7
c. 9 d. 10

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. a | 2. a | 3. b | 4. b |
| 5. d | 6. b | 7. a | 8. b |
| 9. a | 10. a | 11. b | 12. b |
| 13. c | 14. a | 15. b | 16. a |
| 17. b | 18. a | 19. a | 20. b |
| 21. a | 22. b | 23. b | 24. c |
| 25. b | 26. c | 27. a | 28. a |
| 29. a | 30. a | 31. b | 32. a |
| 33. d | 34. c | 35. c | 36. c |
| 37. a | 38. d | 39. d | 40. b |
| 41. a | 42. b | 43. a | 44. d |
| 45. c | 46. d | 47. d | 48. c |
| 49. c | 50. a | 51. d | 52. c |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. भारत के पड़ोसी देशों के नाम बताएँ ।**

**उत्तर-** भारत की भूमि की सीमाएँ उत्तर पश्चिम में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ, उत्तर में चीन, नेपाल और भूटान के साथ तथा पूर्व में म्यांमार व बंग्लादेश के साथ है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव है।

**2. उपमहाद्वीप किसे कहते हैं? कौन से देश मिलकर भारतीय उपमहाद्वीप बनाते हैं?**

**उत्तर-** उपमहाद्वीप एक विशाल भौगोलिक इकाई है जो शेष महाद्वीप से अलग दिखाई देती है। भारतीय उपमहाद्वीप में पाकिस्तान, भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश सम्मिलित हैं।

**3. कर्क रेखा से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर-** 23°30' उत्तर अक्षांश से गुजरने वाली रेखा है जो पूरे देश को लगभग दो बराबर भागों में बांटती है जिसे कर्क रेखा कहा जाता है।

**4. भारत की सीमाओं की लंबाई कितनी है ?**

**उत्तर-** भारत की स्थल सीमा रेखा लगभग 15,200 कि.मी. और समुद्री तट रेखा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप समूह को मिलाकर 7,516 कि.मी. है।

**5. भारतीय संघ राज्य का सबसे दक्षिणी बिंदु कौन-सा है?**

**उत्तर-** भारतीय संघ राज्य का सबसे दक्षिणी बिंदु जो इंदिरा बिंदु कहा जाता था. सन् 2004 में सुनामी लहरों के कारण समुद्र में जलमग्न हो गया।

**6. क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा एवं सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?**

**उत्तर-** क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य राजस्थान और सबसे छोटा राज्य गोवा है।

**7. कौन से राज्य अंतर्राष्ट्रीय सीमा तथा समुद्र तट को स्पर्श नहीं करते हैं?**

**उत्तर-** हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड राज्य की सीमा न ही अंतर्राष्ट्रीय सीमा और न ही समुद्र तट से मिलती है

**8. भारत की स्थल सीमा रेखा कितनी है ?**

**उत्तर-** 15200 कि०मी० ।

**9. कौन-सी रेखा भारत को लगभग दो बराबर भागों में बाँटती है ?**

**उत्तर-** कर्क रेखा ।

**10. गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, प० बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम से होकर कौन-सी रेखा गुजरती है ?**

**उत्तर-** कर्क रेखा ।

**11. भारत की याम्योत्तर देशांतर रेखा किस स्थान से होकर गुजरती है ?**

**उत्तर-** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर से

**12. भारत के पूर्वी पड़ोसी देश कौन हैं ?**

**उत्तर-** बांग्लादेश, म्यांमार

**13. भारत के उत्तर में पड़ोसी देश कौन-से हैं ?**

**उत्तर-** चीन, नेपाल, भूटान ।

**14. भारत के उत्तर-पश्चिमी पड़ोसी देश कौन हैं ?**

**उत्तर-** पाकिस्तान, अफगानिस्तान ।

**15. भारत के दक्षिणतम तटीय भाग को क्या कहते हैं ?**

**उत्तर-** कोरोमंडल।

**16. भारत के सबसे दक्षिणी बिन्दु का क्या नाम है ?**

**उत्तर-** इंदिरा बिन्दु।

**17. इंदिरा बिन्दु किस वर्ष सुनामी में जलमग्न हो गया ?**

**उत्तर-** 2004 में।

**18. पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय और त्रिपुरा की सीमाएँ किस देश को छूती है ?**

**उत्तर-** बांग्लादेश।

**19. सन् 1869 में स्वेजनहर के खुलने से भारत और यूरोप के बीच की दूरी कितनी कम हो गयी है ?**

**उत्तर-** 7000 किमी० ।

**20. फ्रांस, ब्राजील, ईरान और पुर्तगाल में से कौन भारत से बड़ा देश है ?**

**उत्तर-** ब्राजील।

**21. बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह है ?**

**उत्तर-** अंडमान निकोबार।

**22. भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने वाली नहर कौन है ?**

**उत्तर-** स्वेज नहर ।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. प्रधान मध्यान्ह रेखा क्या है? इसका दूसरा नाम क्या है और क्यों?**

**उत्तर-** प्रधान मध्यान्ह रेखा वह काल्पनिक रेखा है जो 0° अक्षांश दर्शाने के लिए प्रयोग की जाती है और ग्रीनविच से होकर गुजरती है। इसे ग्रीनविच मध्यान्ह रेखा भी कहा जाता है क्योंकि यह लंदन में ग्रीनविच नामक स्थान से होकर गुजरती है।

**2. 82°30' को भारत का मानक अक्षांश क्यों चुना गया है?**

**उत्तर-** 82°30' को भारत का मानक अक्षांश चुना गया है क्योंकि यह उन अक्षांश एवं देशांतर रेखाओं के मध्य में स्थित है जिनमें हमारा देश स्थित है। यह प्रयागराज (इलाहाबाद) के नजदीक मिर्जापुर से गुजरती है। भारतीय मानक समय (IST) की गणना 82°30'पू० अक्षांश से की जाती है जो कि उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के मिर्जापुर कस्बे के एकदम पूर्व से गुजरती है। समय के अंतर के कारण किसी प्रकार के भ्रम से बचने और पूरे देश के लिए एक मानक समय

निर्धारित करने के लिए 82°30' पू० अक्षांश से गुजरने वाली रेखा को चुना गया है। यही कारण है कि पूरे देश में घड़ियाँ एक ही समय दर्शाती हैं।

**3. कन्याकुमारी और कश्मीर में दिन रात की अवधि में अंतर क्यों है?**

**उत्तर-** कन्याकुमारी विषुवत रेखा के समीप है और विषुवत रेखा पर दिन रात बराबर होते हैं जबकि कश्मीर 35° उत्तरी अक्षांश पर स्थित है इसलिए कश्मीर में ग्रीष्म और शीत ऋतु में दिन रात बराबर नहीं होते। ग्रीष्म ऋतु में दिन बड़ा होता है और शीत ऋतु में रात बड़ी होती है।

**4. स्वेज नहर कब निर्मित हुआ? स्वेज नहर का खुलना भारत के लिए किस प्रकार महत्त्वपूर्ण था?**

**उत्तर-** स्वेज नहर का निर्माण 1869 में पूरा हुआ। इस नहर के खुलने से भारत और यूरोप के बीच दूरी 7000 कि.मी. कम हो गई है जिसके कारण भारत और यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के देशों से व्यापार में काफी वृद्धि हुई।

**5. 1947 से पूर्व भारत में किस तरह के दो प्रकार के राज्य थे ?**

1947 से पूर्व भारत में दो प्रकार के राज्य थे, प्रांत और रियासत वायसराय द्वारा नियुक्त अंग्रेज अधिकारी प्रांतों पर शासन करते थे और रियासतों का शासन स्थानीय शासकों द्वारा पैतृकता के आधार पर अंग्रेजी शासकों की प्रभुसत्ता मानकर स्वायत्ता से किया जाता था।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. भारत की स्थिति एवं विस्तार का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर-** भारत उत्तरी गोलार्द्ध का एक विशाल देश है। इसका मुख्य भूभाग 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तर अक्षांश तथा 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्वी देशांतर तक है। 23°30' उत्तर अक्षांश रेखा देश को लगभग दो बराबर भागों में विभक्त करती है तथा इसे कर्क रेखा के नाम से जाना जाता है। मुख्य भूभाग के दक्षिण-पूर्व में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी में तथा लक्षद्वीप समूह अरब सागर में क्रमशः स्थित हैं। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम और त्रिपुरा ऐसे राज्य हैं जिनमें से कर्क रेखा गुजरती है। भारत के भूभाग का कुल क्षेत्रफल लगभग 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर है भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है। यह विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है। भारत की स्थल सीमा रेखा लगभग 15,200 कि.मी. और समुद्री तट रेखा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप समूह को मिला कर 7516 कि.मी. है। भारत उत्तर-पश्चिम उत्तर एवं उत्तर-पूर्वी सीमा पर नवीनतम वलित पर्वतों से घिरा हुआ है। यह दक्षिण में 22° उत्तर अक्षांश से हिन्द महासागर की ओर संकरा होता चला गया है जहाँ इसे दो सागरों में विभाजित कर देता है. पश्चिम में अरब सागर तथा पूर्व में बंगाल की खाड़ी।

**2. हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है?**

**उत्तर-** भारतीय भूखंड पूर्वी एवं पश्चिमी एशिया के केन्द्र में स्थित है। जो भाग एशिया महाद्वीप से जुड़ा है (भू-मार्ग एवं पर्वतीय दर्रों की सहायता से) यही भाग इसे उत्तर पश्चिम एवं पूर्व दिशा में इसके पड़ोसी देशों से जोड़ता है। दक्षिणी प्रायद्वीपीय भाग हिन्द महासागर के अंदर दूर तक चला गया है जिससे भारत को पश्चिमी तट से पश्चिम एशियाई, अफ्रीका और यूरोप तथा दक्षिणपूर्वी एवं पूर्वी तट से पूर्व एशिया के देशों के नजदीकी संबंध बनाने में मदद मिलती है।

भारत की सामरिक स्थिति ने प्राचीन समय से ही जल एवं थल मार्ग से विचारों एवं सामान के आदान-प्रदान में सहायता प्रदान की है। यही कारण है कि हिन्द महासागर में भारत की स्थिति अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उत्तर में पर्वतों के आर-पार जाने वाले विभिन्न दर्रों से प्राचीन यात्रियों को आने-जाने का मार्ग मिलता था। उपनिषदों, रामायण, पंचतंत्र की कहानियों, भारतीय अंकों और दशमलव प्रणाली संबधित विचार इसी माध्यम से विश्व के अन्य भागों में पहुँचा था। मसाले, मलमल और व्यापार का अन्य सामान भारत से अन्य देशों में ले जाया जाता था। दूसरी ओर यूनानी मूर्तिकला, पश्चिम एशिया से विभिन्न प्रकार के गुंबद एवं मीनार बनाने की भवननिर्माण कला देश के विभिन्न भागों में देखी जा सकती है। हिन्द महासागर में किसी भी अन्य देश का समुद्र तट भारत जितना बड़ा नहीं है और वास्तव में हिन्द महासागर में भारत की महत्त्वपूर्ण स्थिति के कारण ही इस महासागर का नामकरण भारत के नाम पर किए जाने को सही ठहराता है।

**3. भारत के राजनैतिक रूपरेखा मानचित्र पर निम्नलिखित की स्थिति का पता लगाएं व अंकित करें**

**(क) भारत का अक्षांशीय विस्तार**


**(ख) मुख्य भूखंड का सबसे दक्षिणी बिन्दु**

**(ग) मुख्य भूखंड का सबसे उत्तर का बिन्दु**

**(घ) भारत का मानक याम्योत्तर**

**(ङ) भारत का सबसे पूर्वी एवं पश्चिमी अक्षांश**

**उत्तर-** (क) (ख) (ग) (घ) (ङ)


भारत
68°पू.
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°पू.
37°6'
36°उ.
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°उ.
82°30'
पाकिस्तान
चीन
(तिब्बत)
नेपाल
भूटान
97°25'
68°7'
2,933 किलोमीटर
भा
र
त
बांग्लादेश
म्यांमार
मानक याम्योत्तर
अरब
सागर
बंगाल की
खाड़ी
3,214 किलोमीटर
लक्षद्वीप
(भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(भारत)
0
200
400
600 कि.मी.
हिंद
महासागर
श्रीलंका
8°4'
6°45'
72°पू.
76°
84°
88°
92°पू.